जनपद हमीरपुर

थाना सुमेरपुर **दिनांक 16.05.2026**

थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-155/2026 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया।।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 11.05.2026 की चाँद थोक वार्ड नं0 6 छोटी बाजार कस्बा सुमेरपुर में स्थित कोमल डी0जे0 टेन्ट लाईट हाउस की दुकान से अज्ञात चोर द्वारा एक डीजे मशीन 1801 Mt, एक डीजे 1500 वाट मशीन, एक डीजे 300 वाट मशीन और एक स्टेप्लाइजर 20 kg को चोरी कर लिया गया था । वादी के तहरीर के आधार पर थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 155/2026 धारा 331(4)/305(a) BNS बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

पुलिस कार्यवाही का विवरण-

थाना सुमेरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-155/2026 धारा 331(4)/305 (ए) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना के अनावरण हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई थी। गठित पुलिस टीम द्वारा पतारसी-सुरागरसी एवं साक्ष्य संकलन के आधार पर कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 16.05.2026 को अभियुक्त अजय कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी गौरा देवी थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर को नज़रपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया 01 अदद डी0जे0 मशीन एवं 01 अदद स्टेप्लाइजर (20 किलोग्राम) बरामद किया गया है।

पूछताछ में प्रकाश में आया कि चोरी की घटना में अभियुक्त अजय कुमार के साथ उसके 02 अन्य साथी भी शामिल थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारी एवं चोरी गए सामान की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण

अजय कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी गौरा देवी थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर

बरामदगी

1. एक अदद डी0जे0 मशीन
2. एक अदद स्टेप्लाइजर 20kg

गिरफ्तारी स्थान

नज़रपुर मोड़ के पास थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

1. प्र0नि0 योगेश तिवारी
2. उ0नि0 रवि मेहता
3. का0 अमित कुमार
4. का0 दिलीप कुमार